# अध्याय – 12 | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना - मेघ आए

## QUIZ-01

1. "बाँकी चितवन उठा नदी ठिठकी , घूँघट सरके" का वर्णन किस कविता में हुआ है?
   A. यमराज की दिशा
   B. बच्चे काम पर जा रहे हैं
   C. मेघ आए
   D. ग्रामश्री (C)

*व्याख्या :* यह पंक्ति 'मेघ आए' कविता से ली गई है, जिसमें प्रकृति की सुंदरता और वर्षा के आने पर उसका प्रभाव दर्शाया गया है।

2. "मेघ आए" कविता में बड़ा बुजुर्ग किसे कहा गया है?
   A. आम को
   B. बरगद को
   C. पीपल को
   D. जामुन को (C)

*व्याख्या :* कविता में पीपल वृक्ष को 'बुजुर्ग' कहा गया है, जो मेघों को देख कर जुहार करता है।

3. 'मेघ आए' कविता में किस ऋतु का वर्णन हुआ है?
   A. गर्मी ऋतु
   B. पावस ऋतु
   C. बसंत ऋतु
   D. शरद ऋतु (B)

*व्याख्या :* कविता में मेघों के आगमन और वर्षा का चित्रण है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पावस ऋतु का वर्णन किया गया है।

4. 'मेघ आए' कविता में 'पाहुन' किसे कहा गया है?
   A. पवन को B. मेघ को
   C. अतिथि को D. वर्षा को (B)

*व्याख्या :* कविता में 'मेघ' को 'पाहुन' यानी अतिथि के रूप में चित्रित किया गया है।

5. मेघ रुपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन आता है?
   A. सजीव हो जाता है
   B. निर्जीव हो जाता है
   C. गतिशील हो जाता है
   D. सुखा – सुखा हो जाता है (A)

*व्याख्या :* मेघों के आगमन से प्रकृति सजीव हो उठती है, पेड़, पौधे, नदी आदि में चेतना आ जाती है।

6. "मेघ आए बड़े बन ठन के —— के ।" सही शब्द से खाली जगह को भरें।
   A. सँवर
   B. सज – धज
   C. सपर
   D. श्रृंगार कर (A)

*व्याख्या :* पंक्ति में सही शब्द 'सँवर के' है, जिससे यह बताया गया है कि मेघ सज–धजकर आए हैं।

7. नदी किसका प्रतीक है?
   A. प्रेयसी का
   B. गाँव की युवती का
   C. बादल का
   D. वर्षा का (B)

*व्याख्या :* कविता में नदी को गाँव की युवती के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो मेघों के आगमन पर ठिठकती है।

8. पेड़ किसके कारण झुक गए हैं?
   A. फलों के कारण
   B. हवा के कारण
   C. लंबे होने के कारण
   D. बादल के आगमन के कारण (D)

*व्याख्या :* कविता में वर्णन है कि पेड़ बादलों के प्रभाव से झुक गए हैं, जैसे वे उनका स्वागत कर रहे हों।

9. 'मेघ आए' कविता किस पर आधारित है?
   A. बयार हवाओं पर
   B. पयोधर पर
   C. नदी के सौंदर्य पर
   D. दामाद पर (B)

*व्याख्या :* कविता 'पयोधर' अर्थात मेघों पर आधारित है, जो वर्षा ऋतु में आते हैं और जीवन को सरस बना देते हैं।

10. मेघों के आगे कौन नाचती-गाती हुई चल रही है?
    A. नर्तकी B. बिजली
    C. नदी D. हवा (D)

*व्याख्या :* कविता में वर्णन है कि मेघों के आगे हवा (बयार) नाचती-गाती हुई चल रही है, जिससे वातावरण में नाटकीयता आती है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App